# University in News on 29 October 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### वाद-विवाद में वीरना व ऋषभ अव्वल



लखनऊ विश्वविद्यालय में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता में पुरस्कृत हुए विद्यार्थी। स्रोत-लविवि

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय और महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में स्व. कमला बहुगुणा के जन्म शताब्दी वर्ष पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसका विषय रहा, क्या भारत में महिलाओं को आरक्षण देने से वास्तविक समानता हासिल की जा सकती है। इसमें स्नातक व परास्नातक कोर्स के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। लविवि में पहला स्थान वीरना तिवारी, दूसरा शगुन सिंह व तीसरा स्थान आर्यन मिश्रा ने हासिल किया। महर्षि विवि में ऋषभ बाजपेई को पहला, प्रकृति को दूसरा और नीलाक्षी मिश्रा को तीसरा स्थान मिला। ये विद्यार्थी अंतर विवि वाद-विवाद प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में विवि का प्रतिनिधित्व करेंगे। (संवाद)

## JAGRAN CITY PAGE III

### हबीबुल्लाह छात्रावास में नौ को जुटेंगे पूर्व छात्र

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के हबीबुल्लाह छात्रावास में नौ नवंबर को एल्युमिनाई मीट 'समागम-2024' का आयोजन किया जाएगा। छात्रावास की एल्युमिनाई एसोसिएशन की ओर से होने वाले इस आयोजन में बड़ी संख्या में पूर्व छात्र शामिल होकर विश्वविद्यालय एवं छात्रावास की यादें साझा करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय होंगे।

हबीबुल्लाह छात्रावास के प्रोवोस्ट डा. महेंद्र अग्निहोत्री ने बताया कि एल्युमिनाई मीट का शुभारंभ शाम छह बजे होगा। इसके लिए पूर्व छात्रों को आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पूर्व छात्र जस्टिस बृजराज सिंह की सहमति भी मिल गई है। कार्यक्रम में इंडोर और आउटडोर खेल के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। उसी दिन टेबल टेनिस का फाइनल मैच भी खेला जाएगा। जल्द ही कार्यक्रम की विस्तृत रूप रेखा तैयार हो जाएगी।

## PIONEER PAGE 3

### वाद-विवाद प्रतियोगिता के प्रथम चरण का आयोजन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रख्यात** महिला नेत्री स्वर्गीय कमला बहुगुणा के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के ए.पी.सेन सभागार में 3 बजे से वाद विवाद प्रतियोगिता के प्रथम चरण का आयोजन किया गया। जिसका विषय क्या भारत में महिलाओं को आरक्षण देने से वास्तविक समनता हासिल की जा सकती है, रहा। जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र,-छात्राओ ने प्रतिभाग किया था। इसका एक प्रारंभिक चरण 26 अक्टूबर को संपन्न हुआ था। इस प्रारंभिक चरण में कुल 25 प्रतिभागियों का चयन प्रथम चरण के लिए किया गया था। आज प्रथम चरण के आयोजन के पश्चात् क्रमश: प्रथम स्थान वीरना तिवारी, द्वितीय स्थान शगुन सिंह एवं तृतीय स्थान आर्यन मिश्रा को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो आलोक कुमार राय के संरक्षण में किया गया।

इस कार्यक्रम की औपचारिक अध्यक्षता अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो वीके शर्मा के द्वारा की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो रीता बहुगुणा जोशी ( पूर्व सांसद एवं पूर्वमंत्री उप्र सरकार ) एवं अम्मार रिजवी (पूर्व शिक्षा मंत्री) थे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की उपकुलपति प्रो मनुका खन्ना तथा अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### कमला बहुगुणा के जीवन पर हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिला नेत्री कमला बहुगुणा के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में लखनऊ विश्वविद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता के प्रथम चरण का आयोजन किया गया। विषय था क्या भारत में महिलाओं को आरक्षण देने से वास्तविक समानता हासिल की जा सकती है। जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का प्रारंभिक चरण 26 अक्टूबर को संपन्न हुआ था। जिसमें कुल 25 प्रतिभागियों का चयन प्रथम चरण के लिए किया गया था। प्रथम चरण के आयोजन के पश्चात् क्रमश: प्रथम स्थान वीरना तिवारी, द्वितीय स्थान शगुन सिंह व तृतीय स्थान आर्यन मिश्रा को प्राप्त हुआ।